# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, बुधवार, 18 मार्च 2026


## सुविचार



अब तक की सबसे बड़ी खोज यह है कि व्यक्ति महज अपना दृष्टिकोण बदल कर अपना भविष्य बदल सकता हैं।

-स्वामी विवेकानंद


### लखनऊ के प्रमुख समाचार

- पत्नी से झगड़कर ई-रिक्शा चालक समेत दो ने दी जान II
- फिक्की फ्लो ने चैप्टर सदस्यों को दिए अवार्ड III
- शकुंतला विवि के विद्यार्थियों को मिले एआई स्मार्ट ग्लास IV




**रमजान का 28वां दिन**

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 4:52 | सुन्नी : 6:21 |
| शिया : 4:41 | शिया : 6:29 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।



भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव के रिसेप्शन में पहुंचे रवींद्र जडेजा, यशस्वी जायसवाल, पत्नी के साथ शिखर धवन और स्टेज पर कुलदीप से बातचीत करते टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर। अमृत विचार

## शहर में आज

- नेशनल पीजी कॉलेज में ओज-2026 में शहर की शिक्षण संस्थाओं के छात्र हिस्सा करेंगे प्रतिभाग- 11:00 बजे से
- अलीगंज के आंचलिक विज्ञान केंद्र में भारत विकास परिषद की समर्पण शाखा की ओर से स्मारिका समर्पण ज्योति का विमोचन- 10:00 बजे।
- ललित कला अकादमी लाल बारादरी में राज्य ललित कला अकादमी की ओर से मिशन शक्ति के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में चयनित कला कृतियों की प्रदर्शनी और सम्मान समारोह- 3:00 बजे से।
- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में नाट्य संस्था अनादि की ओर से नाटक अधुना आलम अतिभाषणेन भो: का मंचन- 6:30 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# दुल्हन संग विंटेज कार से रिसेप्शन में पहुंचे कुलदीप, मेहमानों ने बरसाए फूल

- मुख्यमंत्री योगी और सपा प्रमुख अखिलेश भी चाइनामैन को शुभकामनाएं देने पहुंचे
- गौतम गंभीर, ऋषभ पंत, शिखर धवन, रविंद्र जडेजा, यशस्वी जायसवाल भी शामिल हुए

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर चाइनामैन कुलदीप यादव के रिशेप्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा कई राजनीतिक हस्तियां और क्रिकेट के सितारे पहुंचे। जीवनसंगिनी वंशिका सिंह के साथ कुलदीप 1960 मॉडल की विंटेज रोल्स-रॉयस कार से सुशांत गोल्फ सिटी स्थित द सेंट्रम होटल पहुंचे। होटल पहुंचते ही फूल बरसाकर नव युगल का स्वागत किया गया। कार रिसेप्शन के लिए विशेष रूप से दिल्ली से मंगाई गई थी।

समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पैर छूकर कुलदीप ने आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने नव दंपति को पुष्पगुच्छ भेंट कर सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मंच पर पहुंचकर कुलदीप को गले लगाकर शुभकामनाएं दीं। गंभीर ने कुलदीप को प्रमाण किया। इसके बाद गंभीर ने अपने हाथ पर बंधी घड़ी में समय देखा, कुलदीप से कुछ कहा और मंच से उतरकर चले गए। गंभीर के अलावा शिखर धवन सपरिवार, ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा, यशस्वी जायसवाल भी शामिल हुए। राजनीतिक हस्तियों में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी नवदंपति को शुभकामनाएं देने पहुंचे। देर शाम एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत व कई अन्य खिलाड़ी भी समारोह में शामिल हुए। क्रिकेटर के सितारों को करीब से देखने और उनके साथ में फोटो खिंचाई के लिए शादी समारोह में आए लोग आतुर दिखे। बच्चों में क्रिकेटरों के प्रति ज्यादा उत्साह देखा गया।



1960 मॉडल की विंटेज कार रोल्स-रॉयस कार से पत्नी वंशिका सिंह के साथ रिसेप्शन में जाते कुलदीप यादव। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### महानगर क्षेत्र में आज शाम प्रभावित रहेगी जलापूर्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** जलकल जोन 3 के महानगर क्षेत्र में 18 मार्च की शाम पेयजल की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। ओवरहेड टैंक के वाल्व की मरम्मत के कारण महानगर के सेक्टर बी पाण्डे टोला, रहीम नगर घोसियाना, सेक्टर ए महानगर सहित आस-पास के क्षेत्रों में पानी नहीं आएगा। जलकल विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि असुविधा से बचने के लिए 18 मार्च की सुबह के समय आपूर्ति के दौरान आवश्यकतानुसार पानी का भंडारण कर लें। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पानी के लिए टैंकर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए क्षेत्रीय अवर अभियंता के मोबाइल नंबर 8173004084 तथा स्टोर इंचार्ज के मोबाइल नंबर 8173004083 पर संपर्क कर सकते हैं।

### 102 से अधिक स्थानों पर कराई फॉगिंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए नगर निगम ने मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव शुरू कर दिया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पीके श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार को शहर के 102 से अधिक स्थानों पर फॉगिंग कराई गई। घनी आबादी वाले क्षेत्रों, जलभराव वाले स्थानों और संवेदनशील इलाकों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आस-पास साफ-सफाई बनाए रखें और कहीं भी पानी जमा न होने दें।

### दूरदर्शन को मिले नए उप महानिदेशक

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय प्रसारण सेवा के वरिष्ठ अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता ने मंगलवार को दूरदर्शन में उप महानिदेशक कार्यालय अध्यक्ष व अभियांत्रिकी प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। वे नई दिल्ली से स्थानांतरित होकर आए हैं और इससे पहले दूरदर्शन दिल्ली में निदेशक पद पर कार्यरत थे। प्रसारण, तकनीकी प्रबंधन और प्रशासनिक सेवाओं में उनका व्यापक अनुभव रहा है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुधारने, तकनीकी आधुनिकीकरण को बढ़ावा देने और दर्शकों तक बेहतर प्रसारण सुनिश्चित करने की होगी।

# बृज की रसोई में परोसा बदबूदार बासी खाना, शिकायत पर पीटा

## पांच दोस्तों पर किया रॉड से हमला, एक का सिर फटा, दो अन्य की हालत गंभीर घायल

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल
- रेस्टोरेंट मालिक, मैनेजर व स्टॉफ समेत एक दर्जन अज्ञात पर रिपोर्ट
- हाउस ऑफ रॉयल्स रेस्टोरेंट में वेज थाली में परोसा था मांस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित बृज की रसोई रेस्टोरेंट में बदबूदार और सड़ा खाना परोसने की शिकायत पर रेस्टोरेंट मालिक, मैनेजर, स्टॉफ ने घेरकर पांच दोस्तों को जमकर पीटा। रॉड से हमले में एक ग्राहक का सिर फट गया जबकि दो अन्य को भी गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा।

पीड़ित ग्राहक ने रेस्टोरेंट मालिक, मैनेजर और कर्मचारियों समेत 10-12 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि रेस्टोरेंट के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

प्रयागराज के जॉर्ज टाउन निवासी यश अग्रहरी ने बताया कि 16 मार्च को रात करीब 12:30 बजे अर्जुनगंज स्थित बृज की रसोई रेस्टोरेंट में खाना खाने गए थे। साथ में दोस्त हर्ष त्रिपाठी, अधिवक्ता नीतिश तिवारी, शुभम कुशवाहा और यश त्रिपाठी भी थे। रेस्टोरेंट में दाल और पनीर की सब्जी का आर्डर दिया। यश ने बताया कि भोजन में परोसी गई दाल और पनीर की सब्जी से महक आ रही थी। इस कारण खाना खराब होने की शिकायत की। आरोप है कि गलती मानने के बजाए स्टॉफ ने धमकाते हुए कहा कि जो मिला है चुपचाप खा लो, अन्य ग्राहकों के सामने रेस्टोरेंट की इमेज मत खराब करो। विरोध करने पर रेस्टोरेंट के मालिक, मैनेजर, स्टॉफ समेत करीब 10-12 कर्मचारियों ने मारपीट शुरू कर दी। रॉड के हमले से यश का सिर फट गया। नीतिश और हर्ष भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी किसी तरह बचकर वहां से भागे और 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया।

गौरतलब है कि दो दिन पहले गोमतीनगर फूड वैली के हाउस ऑफ रॉयल्स रेस्टोरेंट में वेज थाली में मांस और हड्डी का टुकड़ा निकला था। प्रयागराज के व्यवसायी हेमंत कुमार सिंह साथियों के साथ खाना खाने गए थे। उन्होंने 14 वेज थाली आर्डर की। थाने में मांस व हड्डी निकलने पर व्यवसायी और उनके साथियों ने हंगामा किया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह शांत कराया। कारोबारी हेमंत की तहरीर पर रेस्टोरेंटर प्रबंधक व कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हवाई जहाज में न्यायमूर्ति को परोसा फंगस वाला खाना

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** एयर इंडिया की फ्लाइट से दिल्ली से लखनऊ आ रहे हाईकोर्ट इलाहाबाद के न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार को फंगस वाला खाना परोसा गया। इस पर एयरलाइन कर्मियों से शिकायत की तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। न्यायमूर्ति के सहयोगी ने सरोजनीनगर थाने में एयरइंडिया के कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार सोमवार को दिल्ली से रात 9:40 बजे एयर इंडिया की फ्लाइट (एआई-1720) से लखनऊ आ रहे थे। उनकी सीट संख्या 1ए थी। यात्रा में उन्हें भोजन परोसा गया, उसमें फंगस लगा हुआ था, जिसे देखने के बाद उन्होंने आपत्ति की। आरोप है कि शिकायत करने पर केबिन क्रू सदस्य मनप्रीत और प्रीति ने उनके साथ अभद्रता की। एयर इंडिया के कस्टमर सर्विस कर्मचारी सुफियान ने भी न्यायमूर्ति से दुर्व्यवहार किया। आरोप है कि जब वह दूषित खाना फ्लाइट से बाहर ले जाने लगे तो उनको रोक दिया गया। इस पर न्यायमूर्ति के सहयोगी सुमित गुप्ता ने सरोजनीनगर थाने में एयर इंडिया के कर्मचारियों के खिलाफ तहरीर दी। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा के मुताबिक सुमित गुप्ता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## छात्र सभा ने उपलों के साथ किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** रसोई गैस की किल्लत के विरोध में मंगलवार को समाजवादी छात्र सभा ने लखनऊ विश्वविद्यालय में उपले और लकड़ी लेकर प्रदर्शन कर सरकार विरोधी नारे लगाए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस से धक्कामुक्की हुई। पुलिस ने प्रदर्शनकारी छात्रों को गाड़ियों में बैठाया इकोगार्डन भेज दिया। प्रदर्शन में अभिषेक श्रीवास्तव, प्रिंस कुमार, रोहित यादव, आदित्य पाण्डेय, शिवाजी यादव, प्रसन्न शुक्ला, शिवमणि तिवारी, अनादि, प्रभात, आशीष यादव, आर्यन गुप्ता, विनय शाक्य, प्रियांशु, रुद्रवीर, सूर्यांश, अर्जुन, अश्वनी आदि छात्र मौजूद रहे।

# सिलेंडर की वेटिंग बढ़ा रही उपभोक्ताओं की परेशानी

- बुकिंग के एक हफ्ते बाद मिल रहा रसोई गैस सिलेंडर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** गैस सिलेंडर की वेटिंग उपभोक्ताओं की समस्या बढ़ा रही है। गैस एजेंसियां बुकिंग के एक हफ्ते बाद ही सिलेंडर दे रही हैं। ऐसे में ईद के लिए बुकिंग कराने वाले उपभोक्ता परेशान हैं। मंगलवार को सदर स्थित इंडेन की अरुणोदय गैस में सिलेंडर लेने और बुकिंग के लिए कतारें लगी रही। एजेंसी की ओर से उपभोक्ताओं को इंडेन ऑयल वन ऐप पर बुकिंग कराने की जानकारी दी जा रही है। कई उपभोक्ता ऐसे भी हैं जिनकी बुकिंग तो हो गई, लेकिन सिलेंडर की डिलीवरी के लिए मोबाइल पर डीएसी नंबर नहीं आया है। ऐसे उपभोक्ता सिलेंडर लेने गैस एजेंसियों में पहुंच रहे हैं। गैस एजेंसियों पर उनकी केवाईसी कराई जा रही है। मारामारी इसलिए भी बताई जा रही है कि 12 सिलेंडर का कोटा पूरा करने के लिए बड़ी संख्या में उपभोक्ता 31 मार्च के पहले बुकिंग और डिलीवरी लेना चाहते हैं। बुकिंग कराने वालों की संख्या बढ़ने से बुकिंग सर्वर डाउन हो रहे हैं।

# एमबीबीएस छात्रों व रेजिडेंट ने किया रक्तदान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** खून की कमी से जूझ रहे केजीएमयू के ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग को राहत देने के लिए मेडिकल छात्रों ने सराहनीय पहल की है। छात्रों ने रक्तदान कर गंभीर मरीजों की जान बचाने का संकल्प लिया और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई।

बीते कई दिनों से विभाग में ए और एबी पॉजिटिव ब्लड ग्रुप की कमी बनी हुई है, जिससे मरीजों को जरूरत के अनुसार रक्त उपलब्ध कराने में दिक्कतें आ रही थीं। इस समस्या को देखते हुए केजीएमयू के मेडिकल छात्रों ने आगे बढ़कर रक्तदान का निर्णय लिया। डीन एकेडमिक्स डॉ. वीरेंद्र आतम के नेतृत्व में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एमबीबीएस छात्रों और रेजिडेंट डॉक्टरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में 25 छात्रों व रेजिडेंट्स ने रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया। ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की अध्यक्ष डॉ. तुलिका चंद्रा ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए बताया कि रक्तदान न केवल मरीजों के लिए जीवनदायी है, बल्कि दाताओं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है।



केजीएमयू में रक्तदान करते एमबीबीएस के छात्र और रेजिडेंट। अमृत विचार

**कार्यशाला** — केजीएमयू में विशेषज्ञों ने बीमारी के प्रति जागरूक कर दिया टीकाकरण और पोषण पर जोर

# हवा के साथ तेजी से फैलता टीबी संक्रमण, समय पर इलाज जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) एक संक्रामक बीमारी है, ये हवा के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में तेजी से फैलती है और सबसे पहले फेफड़ों को प्रभावित करती है। कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में इसका खतरा अधिक होता है। यह जानकारी केजीएमयू के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. विमला वेंकटेश ने कलाम सेंटर में आयोजित कार्यशाला में दी।

माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने मंगलवार को कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें डॉ. विमला ने बताया कि टीबी का समय पर और पूरा इलाज बेहद जरूरी है। छह से आठ महीने तक नियमित दवा लेने से मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है, लेकिन इलाज में लापरवाही गंभीर परिणाम दे सकती है।

कार्यशाला में डॉ. पारुल जैन ने कहा कि टीबी से बचाव के लिए जन्म के तुरंत बाद बीसीजी टीकाकरण कराना चाहिए। इसके साथ ही स्वच्छता बनाए रखना, पौष्टिक आहार लेना और धूम्रपान से दूरी बनाना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर मेडिकल छात्रों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर टीबी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं। कार्यक्रम में डॉ. प्रशांत गुप्ता, डॉ. शीतल वर्मा, डॉ. उर्मिला सिंह और डॉ. विजय कुमार समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## पीईटी स्कैन से कैंसर की सटीक पहचान संभव, इलाज में भी खुलीं नई राहें

- न्यूक्लियर मेडिसिन व एआई तकनीक से शुरुआती जांच आसान
- प्रोस्टेट व थायरॉयड कैंसर में मिल रही बेहतर सफलता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में कैंसर की पहचान और इलाज अब पहले से कहीं अधिक सटीक और प्रभावी हो गया है।

पीईटी स्कैन तकनीक की मदद से अब यह आसानी से पता लगाया जा सकता है कि कैंसर शरीर के किन-किन अंगों तक फैल चुका है। कम समय में सटीक जांच संभव होने से मरीजों को समय रहते उचित इलाज मिल पा रहा है। यह जानकारी पीजीआई न्यूक्लीयर मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. पीके प्रधान ने दी। इस दौरान यूपी चैप्टर ऑफ न्यूक्लीयर मेडिसिन फिजिशियन का गठन कर डॉ. प्रधान को अध्यक्ष चुना गया।

यूपी चैप्टर ऑफ न्यूक्लीयर मेडिसिन फिजिशियन की तरफ से आयोजित कार्यशाला डॉ. प्रधान ने कहा कि अत्याधुनिक रेडियोट्रेसर और पीईटी स्कैन तकनीक से अब कैंसर का शुरुआती स्तर पर ही सटीक पता लगाया जा सकता है। विशेष रूप से प्रोस्टेट कैंसर के मामलों में यह तकनीक काफी कारगर साबित हो रही है, जहां पारंपरिक जांच सीमित परिणाम देती है। इससे डॉक्टरों को बीमारी की वास्तविक स्थिति समझने और बेहतर उपचार योजना बनाने में मदद मिलती है।

केजीएमयू के न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग के प्रकाश सिंह ने बताया कि इलाज के क्षेत्र में भी इस तकनीक ने नई संभावनाएं खोली हैं। लोहिया संस्थान की न्यूक्लियर मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यवती देशवाल ने बताया कि कैंसर के कारण हड्डियों में होने वाले दर्द से राहत के लिए बोन पेन पैलिएशन थेरेपी भी प्रभावी विकल्प बनकर सामने आई है।

# भाकियू ने घेरा नगर निगम मुख्यालय, धरने पर बैठे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के बैनर तले किसानों ने मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय घेर लिया। सरोजनीनगर तहसील क्षेत्र के सरसवां गांव में प्रॉपर्टी डीलर द्वारा चकमार्ग पर किये गए अवैध कब्जे को खाली न कराने पर किसानों ने जमकर नारेबाजी की और परिसर में ही धरने पर बैठ गए।

किसानों ने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। जिलाध्यक्ष राजेश रावत ने बताया कि ग्राम सरसवां में प्रॉपर्टी डीलर ने चकमार्ग की जमीन पर कब्जा कर लिया है, जिससे किसानों का आवागमन बंद हो गया है। जिलाध्यक्ष राजेश रावत सहित अन्य प्रतिनिधियों की दोपहर करीब 1:30 बजे अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव से उनके कार्यालय में हुई बैठक बेनतीजा रही। किसान लिखित आश्वासन की मांग पर अड़े रहे और धरने जारी रखा। इसके बाद करीब 3:30 बजे अपर नगर आयुक्त खुद किसानों के धरने में पहुंचे और 23 मार्च तक चकमार्ग से अवैध कब्जा खाली कराने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने धरना समाप्त किया।



लोगों को संबोधित करते किसान नेता।

## सिटी ब्रीफ

### किराना दुकान का ताला तोड़कर चोरी

अमृत विचार, काकोरी : थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात चोरों ने एक किराना दुकान के गेट का ताला तोड़कर हजारों की नकदी और कीमती सामान चोरी कर लिया। काकोरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। काकोरी कस्बा कटरा बाजार निवासी सईद अहमद की शहतूत तला मोहल्ले में स्थित व्यास जी कॉम्प्लेक्स में एक किराना दुकान है। सोमवार रात को वह रोज की तरह अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे। मंगलवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे, तो गेट का ताला टूटा हुआ पाया। पीड़ित ने बताया कि दुकान से करीब 15 हजार रुपये, सिगरेट के पांच बंडल और बड़ी मात्रा में मसाले चोरी हुए हैं।

### मां-बेटी ने महिला को बेरहमी से पीटा

अमृत विचार, सरोजनीनगर : थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने पड़ोसियों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कृष्णालोक कॉलोनी फेज-1 निवासी रश्मि सिंह ने बताया कि सोमवार शाम करीब 6:45 बजे वह गौरी बाजार से घरेलू सामान खरीदकर घर लौटी। इस दौरान उन्होंने देखा कि उनकी 9 वर्षीय बेटी को पड़ोस में रहने वाली रीता उर्फ अंजू श्रीवास्तव चिढ़ा रही थीं। विरोध करने पर रीता श्रीवास्तव, उनकी बेटी अनोखी व मुस्कान श्रीवास्तव ने मिलकर उससे गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। यही नहीं मारपीट करते हुए बाल खींचे। सिर पर पत्थर से वार किया और हाथ में काट लिया।

### दो वारंटी गिरफ्तार

अमृत विचार, गोसाईंगंज : सुशांत गोल्फ सिटी थाने की टीम ने मंगलवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी संदीप मौर्या और छोटू मौर्या बक्कास के रहने वाले हैं। दोनों वारंटी लगातार न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे।

### महिला जालसाज गिरफ्तार

अमृत विचार , लखनऊ : पीजीआई के कल्ली पश्चिम में जाली दस्तावेज बनाकर कई लोगों से ठगी करने वाले गिरोह में शामिल महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि रायबरेली निवासी सीमा सिंह ने 15 नवंबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज करायी थी। गिरफ्तार उर्मिला निवासी कल्ली पश्चिम नाम बदलकर जमीन की रजिस्ट्री कराती थी। जिससे खरीदारों को शक न हो सके। आरोपी के पास से मोबाइल और नकदी बरामद हुई है। आरोपी एक स्कूल में आया है। पूछताछ में उसने कम समय में ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए यह साजिश रचने की बात स्वीकार की। पुलिस गिरोह में शामिल अन्य साथियों की तलाश में दबिशें दे रही है।

### महिला की खींची फोटो, दी धमकी

अमृत विचार, लखनऊ : वजीरगंज इलाके में एक परिवारिक कार्यक्रम के दौरान महिला से कथित पत्रकार ने अश्लील हरकत करते हुए मोबाइल से फोटो खींची। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज की। पीड़िता ने सोमवार रात आरोपी के खिलाफ वजीरगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कल्याणपुर निवासी महिला के पति की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि निखिल श्रीवास्तव आए दिन उसके साथ गाली-गलौज करता है। 11 मार्च को पीड़िता पांडेयगंज एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। आरोपी भी वहां मौजूद था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने अश्लील इशारे करते हुए उनकी मोबाइल से फोटो खींच रहा था। विरोध करने पर पीड़िता से गाली-गलौज की। पीड़िता की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच गई। वजीरगंज इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले में जांच की जा रही है।

### ब्लैकमेल कर वसूले 80 हजार रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : सआदतगंज इलाके में स्कूल आते-जाते 15 वर्षीय किशोरी से युवक छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत करता रहा। विरोध करने पर आरोपी ने ब्लैकमेल कर धमकाते हुए कई बार में 80 हजार रुपये वसूल लिए। इंस्पेक्टर सआदतगंज संतोष आर्य ने बताया कि पीड़िता के मामा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कच्चा बाग निवासी उमैर छात्रा से छेड़छाड़ करता है। आरोपी ने डरा-धमकाकर किशोरी से कई बार में करीब 80 हजार रुपये भी वसूल लिए। और रुपये के लिए आरोपी छात्रा पर दबाव बनाकर परेशान करने लगा। बदनामी व धमकी के चलते चुप्पी साधे रही। जिसका फायदा उमैर उठाता रहा। हिम्मत जुटाकर पीड़िता ने आपबीती परिजन को बतायी। जिसके बाद परिवारवाले छात्रा को लेकर सआदतगंज कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने किशोरी के मामा की तहरीर पर छेड़छाड़, रंगदारी, गाली-गलौज, धमकी, अश्लील हरकत व पॉक्सो एक्ट की रिपोर्ट दर्ज की।

# सहारा शहर में सेंधमारी, करोड़ों का सामान उड़ाया, छह गिरफ्तार

## नगर निगम द्वारा सील किया गया था सहारा शहर, एसटीएफ ने किया खुलासा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी व बरामद सामान। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर निगम द्वारा सील किये गये सहारा शहर में चोरों ने सेंध लगा दी। सील तोड़कर घुसे चोरों ने करोड़ों रुपये के सामान चोरी कर लिये। एसटीएफ ने इस गिरोह का खुलासा करते हुए सोमवार देर रात एक बजे छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से सेमी-ऑटोमेटिक पिस्तौल, कारतूस, लग्जरी घड़ियां, सोना-चांदी के जेवरात, कैमरे, टीवी समेत भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया है। गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

एसटीएफ के एएसपी अमित कुमार नागर के मुताबिक आरोपियों को सोमवार देर रात एक बजे सहारा ओवरब्रिज के नीचे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में हरदोई के कासिमपुर स्थित बहलोलपुर का दानिश, सरेरी का साहिद, बहराइच के राजा बवंडी का विक्रम, रानीपुर के मकसूदपुर का नूर मोहम्मद, लखनऊ बजरंग चौराहा का अमन साहनी और बहराइच के सोनवा स्थित नसीरगंज का सैज उर्फ फैयाज शामिल है। एएसपी के मुताबिक सूचना मिली की सहारा शहर के अंदर चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य सामान लेकर भागने के फिराक में है। टीम ने सुरक्षा अधिकारी को साथ लेकर घेराबंदी की। इसमें छह आरोपी दबोचे गये।

### दो सेमी-ऑटोमेटिक पिस्तौल व करोड़ों के सामान बरामद

- एसटीएफ इंस्पेक्टर दिलीप कुमार तिवारी के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के पास से टीम ने .32 बोर की दो सेमी-ऑटोमेटिक पिस्तौल, पांच कारतूस, तीन गिरार्ड-पेरेगॉक्स की तीन कीमती घड़ियां, दो रॉडो की घड़ी, दो पाको रैबेन की घड़ियां, एक टेक्नोमारिन की घड़ी, एक पॉलिस की घड़ी, चार सहारा फैमिली कंपनी की घड़ियां, एक टीईडी लापिडस कंपनी की घड़ी, एक टाइटन की घड़ी, दो प्लेटिनम हैंडकफ बटन, एक स्टाइलिश सोने की हैंडकफ बटन, एक किलो चांदी की पीकदान, एक सोने की चेन, एक जोड़ी सोने की टॉप्स, एक जोड़ी बाली, 500 ग्राम चांदी की सात सिंदूरदानी, दो कैमरे, दो एलसीडी, 878 कैसिनो क्वाइन, वारदात में प्रयुक्त पांच मोबाइल, एक महिंद्रा एक्सयूवी-500 व एक पिकअप वाहन बरामद हुआ है।


**करोड़ों का सामान चोरी कर बेच चुके हैं आरोपी :** एसटीएफ के मुताबिक पूछताछ में आरोपी सैज उर्फ फैयाज और शाहिद ने बताया कि दिन में कबाड़ बेचने के नाम पर रेकी करते थे। इस दौरान कई बार सहारा शहर में घुस चुके हैं। हम लोगों द्वारा अब तक करोड़ो रुपये का माल चोरी किया है। जिसे बाजार में बेचा है। वहीं, करीब 10 क्विंटल तांबा और पीतल बेच चुके हैं। सामान बेचने में अमन और नूर मोहम्मद मदद करते थे।

**कई जिलों में दर्ज हैं मामले:** पुलिस के मुताबिक, गिरोह के सदस्यों पर विभिन्न जनपदों में चोरी समेत कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और कुछ आरोपी पहले जेल भी जा चुके हैं। आरोपियों के खिलाफ इंस्पेक्टर एसटीएफ दिलीप कुमार तिवारी की तहरीर पर गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# पत्नी से झगड़कर ई-रिक्शा चालक समेत दो ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नाका में चालक का शव कमरे में लटका मिला
- मड़ियांव में मजदूर ने पेड़ में लगाया फंदा



**अमृत विचार:** नाका के रानीगंज इलाके में मंगलवार सुबह ई-रिक्शा चालक ने पत्नी से झगड़ा करने के बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। वही, मड़ियांव में पत्नी से विवाद के बाद मजदूर ने पेड़ में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

रानीगंज स्थित कबीरदास का हाता इलाके में हीरालाल सोनकर परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि अनिल उर्फ गोलू (32) ई-रिक्शा चालक था। परिवार में पत्नी अंजली और दो बच्चे थे। दोनों बच्चों की बीमारी के चलते करीब पांच साल पहले मौत हो गई थी। बच्चों की मौत के बाद से अनिल तनाव में रहता था। इसी वजह से वह शराब भी पीने लगा था। शराब पीने को लेकर अनिल का अक्सर पत्नी से विवाद होता था। सोमवार रात को अनिल शराब पीकर घर पहुंचा।

पति को नशे में देख पत्नी ने विरोध किया। मंगलवार सुबह वह ई-रिक्शा चलाकर घर आया और सीधे ऊपर कमरे में चला गया। कुछ देर बाद छोटा भाई सुशील किसी काम से कमरे में गया तो वहां अनिल को छत के कुंडे में दुपट्टे के सहारे लटकता देखा। शोर सुनकर परिवार और पड़ोस के लोग पहुंचे। पड़ोसियों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

वही, मड़ियांव के आईआईएम रोड स्थित रहोड़ा पुरवा गांव के बाहर मंगलवार सुबह गौतम रावत (45) का शव आम के पेड़ से लटकता मिला। परिजन ने बताया कि गौतम मजदूरी करता था। परिवार में पत्नी व छह बच्चे हैं। सोमवार रात गौतम का पत्नी से विवाद हुआ था। जिसके बाद वह घर से चला गया था। परिजन ने पोस्टमॉर्टम न कराने के लिए लिखित में प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव परिजन को सौंप दिया।

# ट्रेन की चपेट में आने से उबर ऑटो चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मड़ियांव के भिठौली चुंगी क्रासिंग की घटना

**अमृत विचार:** मड़ियांव स्थित भिठौली चुंगी क्रासिंग के पास सोमवार देर रात ट्रेन की चपेट में आने से उबर ऑटो चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल के पास ऑटो मिला। तलाशी के दौरान मोबाइल व रुपये थे। मोबाइल की मदद से परिजन को सूचना दी। शिनाख्त के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

काकोरी के बुद्धेश्वर बदलीखेड़ा निवासी जावेद अली ऑटो चालक है। परिवार में पत्नी खैरुन, बेटा जुनैद और बेटी मुस्कान है। पिता ने बताया कि छोटा बेटा चाहत अली (18) उबर ऑटो चालक था। सोमवार रात करीब नौ बजे मां ने चाहत को कॉल की तो उसने कहा कि वह हजरतगंज से सवारी लेकर गोमतीनगर जा रहा है। देर रात घर न आने पर परिजन चाहत को फोन लगाया। कॉल न मिलने पर परिजन ने खोजबीन शुरू की। देर रात पुलिस ने चाहत के मोबाइल से परिजन को कॉल की।

बताया कि भिठौली चुंगी क्रासिंग के पास एक युवक ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। चाहत की मौत की खबर मिलते ही परिजन आनन-फानन में मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मड़ियांव इस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि परिजन का कोई आरोप नहीं लगाया है।

# शादी का दबाव, फोटो वायरल की धमकी देकर वसूले 50 हजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ित किशोरी ने नाका कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** नाका में किशोरी से दोस्त कर युवक ने जाल में फंसाया। नैनीताल भागकर शादी का दबाव बनाया। इंकार करने पर एआई से अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर 50 हजार वसूल लिए। परेशान होकर पीड़िता ने नाका कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

थाना क्षेत्र निवासी 15 वर्षीय किशोरी ने बताया कि डीएवी कॉलेज में उसकी मुलाकात राजाजीपुरम बी-ब्लॉक निवासी अखिलेश राठौर से हुई थी। कुछ ही दिनों में दोनों के बीच दोस्ती हो गई और दोनों के बीच नजदीकियां हो गई। 16 मार्च को अखिलेश ने नैनीताल का टिकट कराकर भागकर शादी करने का दबाव बनाया। किशोरी के इंकार करने पर आरोपी ने धमकाया कि नहीं चलोगी तो एआई से अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे।

आरोप है कि पीड़िता को डीएवी कॉलेज के पास बुलाकर आरोपी ने 50 हजार रुपये वसूले। पीड़िता ने सोमवार देर शाम नाका कोतवाली में शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी के मोबाइल में मौजूद डाटा डिलीट करने की मांग की है।

# युवक ने इंस्टाग्राम पर अपलोड की खुदकुशी की पोस्ट, 10 मिनट में पहुंची पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सआदतगंज पुलिस ने काउंसलिंग कर पीड़ित को समझाया, परिवार को सौंपा



**अमृत विचार:** इंस्टाग्राम पर डाली गई आत्महत्या जैसी एक आत्मघाती पोस्ट देख पुलिस हरकत में आयी। सआदतगंज पुलिस की त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 वर्षीय युवक की जान बच गई। पुलिस की सक्रियता और संवेदनशील काउंसलिंग के चलते युवक को समय रहते समझाकर परिवारवालों के सुपुर्द कर दिया।

इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया कि मंगलवार को इंस्टाग्राम पर सआदतगंज के एक युवक ने ऐसा पोस्ट साझा किया, जिसमें उसने अपनी जीवन लीला समाप्त करने का संकेत दिया था। पोस्ट के वायरल होते ही सोशल मीडिया मानिटरिंग सेल ने इसे गंभीरता से लिया और तत्काल सआदतगंज पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सआदतगंज थाने के अतिरिक्त निरीक्षक सहेन्द्र कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक परविन्द कुमार सरोज टीम के साथ युवक के घर पहुंचे।

पुलिस ने युवक और उसके परिवार से बातचीत कर हालात को समझा। पूछताछ में सामने आया कि युवक शादी के कार्ड छापने का काम करता है और पिछले कुछ समय से पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के कारण मानसिक तनाव में था। इसी हताशा में आकर उसने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल दी थी। पुलिस टीम ने युवक की काउंसलिंग की और उसे जीवन के महत्व के बारे में समझाया। युवक ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में इस तरह की कोई पोस्ट न करने और आत्मघाती कदम से दूर रहने का लिखित आश्वासन भी दिया।

# रास्ते के विवाद में दबंग व्यापारी ने दंपति को पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पीजीआई के वृंदावन योजना सेक्टर-6 स्थित सर्व सिद्धि विनायक कॉलोनी में रास्ते में निकलने को लेकर दबंग व्यापारी ने अपने साथियों संग मिलकर महिला एजीएम और उनके एफसीआई अधिकारी पति को पीटा।

पीड़ित पंकज कुमार मौर्य एफसीआई में मैनेजर हैं। उनकी पत्नी नीलम कुशवाहा स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में एजीएम पद पर कार्यरत हैं। दंपति बच्चों संग वृंदावन में रहती हैं। आरोप है कि व्यापारी अक्सर रास्ते में ट्रैक्टर और अन्य वाहन खड़े कर देता है। जिससे आने-जाने में परेशानी होती है। रास्ते में निकलने को लेकर पहले भी विवाद हुआ है। सोमवार रात दंपति अपने बच्चों के साथ घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में वाहन खड़ा था।

पीड़ित ने वाहन हटाने की बात कही तो बात बढ़ गयी। आरोप है कि व्यापारी ने गाली-गलौज करते हुए अपने साथियों संग दंपति को पीटा। माता-पिता से मारपीट देख बच्चे दहशत में आ गए। मंगलवार को पीड़ित पक्ष ने पीजीआई थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़ित ने घटना के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी पुलिस को सौंप दी।

# वायुसेना कर्मी को खुदकुशी के लिए उकसाने की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पत्नी, उसकी बहन व पिता पर मां ने लगाए गंभीर आरोप
- मां ने बीकेटी थाने में दर्ज कराई शिकायत




**अमृत विचार:** बीकेटी एयरफोर्स स्टेशन पर तैनात वायुसेना कर्मी की संदिग्ध मौत के मामले में मां ने खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। मां ने बहू, उसकी बहन व पिता पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। बख्शी का तालाब पुलिस ने मां की तहरीर पर तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

उत्तराखंड निवासी चंपावत निवासी रूकमणी देवी ने बताया कि वायु सेना में तैनात बेटे जितेंद्र सिंह की शादी 28 नवंबर 2022 को पिथौरागढ़ के रहने वाले प्रेम सिंह बिष्ट की बेटी भारती से हुई थी। भारती बलरामपुर अस्पताल में स्टॉफ नर्स पद पर कार्यरत है। भारती की जुड़वा बहन भावना सुशील तिवारी अस्पताल हल्द्वानी में नर्स है। शादी से पहले जितेंद्र दिल्ली में तैनात था। शादी के बाद भारती लखनऊ ट्रांसफर कराने के लिए पति पर दबाव बनाते हुए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मां ने बताया कि अगस्त 2024 में जितेंद्र का ट्रांसफर बीकेटी एयरफोर्स स्टेशन पर हुआ तो प्रताड़ना और बढ़ गयी।

4 जुलाई 2025 को आईवीएफ से भारती ने बेटे को जन्म दिया। 22 जुलाई को भारती ने झगड़ा कर पति जितेंद्र व सास को सरकारी आवास से बाहर निकाल दिया। जितेंद्र मां और नवजात बच्चे को पैतृक निवास बनबसा छोड़कर वापस लौटा। इसी बीच भारती अपनी बहन के पास हल्द्वानी चली गयी। अगले दिन जितेंद्र उससे मिलने गया तो भारती ने मिलने से मना कर दिया। क्षुब्ध होकर 23 जुलाई को जितेंद्र ने आत्महत्या का प्रयास किया। आरोप है कि भारती व उसके घरवालों की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर तीन-चार बार आत्महत्या का प्रयास किया था।

24 नवंबर को जितेंद्र ने भारती को व्हाट्सएप पर ब्लॉक कर दिया। देर रात कॉल पर दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। 26 नंबर की शाम बीकेटी एयरफोर्स बीकेटी पर जितेंद्र बेहोश मिला था। जानकारी पर परिजन पहुंचे। कमांड अस्पताल में अगले दिन जितेंद्र की मौत हो गयी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट नहीं हुई। भारती ने जितेंद्र के मोबाइल की चैट, कॉल, फोटो, वीडियो डिलीट कर वापस कर दिया। रूकमणी ने बीकेटी थाने में भारती बिष्ट, भावना बिष्ट व प्रेम सिंह बिष्ट के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाना, धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# यात्री से 8.55 करोड़ का गांजा बरामद

संवाददाता, सरोजनीनगर

- चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर वायु सीमा शुल्क विभाग ने की कार्रवाई



यात्री के पास से बरामद गांजा।

**अमृत विचार:** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर वायु सीमा शुल्क विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मस्कट से आए एक यात्री के पास से करीब 8.55 करोड़ रुपये मूल्य का गांजा (हाइड्रोपोनिक खरपतवार) बरामद किया है। कस्टमर अधिकारियों ने बरामद गांजा जब्त करते हुए यात्री को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

सीमा शुल्क अधिकारियों ने बताया कि 16 मार्च को ओमान एयर की उड़ान (डब्ल्यूवाई 265) से लखनऊ पहुंचे एक संदिग्ध यात्री के सामान की जांच के दौरान यह बरामदगी हुई। खुफिया इनपुट के आधार पर जब उसके बैग की तलाशी ली गई, तो उसमें छिपाकर रखे गए प्रतिबंधित पदार्थ का खुलासा हुआ। जांच में यात्री के काले-भूरे रंग के बैकपैक से 17 पारदर्शी वैक्यूम पॉलीबैग बरामद हुए, जिन्हें कैमलिन कार्बन पेपर में लपेटकर छिपाया गया था। इन पैकेटों में हरे रंग का एनडीपीएस पदार्थ पाया गया, जिसके गांजा/हाइड्रोपोनिक खरपतवार होने की आशंका है। बरामद पदार्थ का कुल वजन 8.552 किलोग्राम बताया गया है। सीमा शुल्क विभाग अधिकारियों के मुताबिक बरामद गांजे की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 8,55,20,000 रुपये आंकी गई है।

# सूबेदार के मकान में 40 लाख के गहने चोरी, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ित परिवार संग दर्शन करने गया था उज्जैन, वारदात के बाद से नौकरानी गायब

**अमृत विचार:** गोमतीनगर विस्तार स्थित सेक्टर-6 में सूबेदार के घर से 40 लाख के जेवर व नकदी चोरी हो गयी। वारदात के दौरान पीड़ित परिवार संग महाकाल दर्शन करने गए थे। मंगलवार शाम वापस लौटने पर चोरी की जानकारी हुई। घटना के बाद से नौकरानी भी परिवार संग गायब है। पीड़ित ने नौकरानी पर शक जताते हुए गोमतीनगर विस्तार थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

सेक्टर-6 निवासी सूबेदार आरके त्रिपाठी ने बताया कि उनके यहां चंद्रा नाम की महिला अपने पति अनुज कुमार और बेटे के साथ करीब चार साल से काम कर रही थी। 11 मार्च को वे उज्जैन गए थे। उस समय चंद्रा घर पर ही थी। 17 मार्च की शाम करीब 6:30 बजे लौटने पर घर की खिड़की टूटी मिली। वे घर के अंदर गए तो सारा सामान अस्त-व्यस्त था। पीड़ित का आरोप है कि घटना से पहले ही चंद्रा घर से गायब हो गई थी और उसके कमरे में भी कोई सामान नहीं मिला।

पीड़ित ने चोरी की सूचना डॉयल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल पर छानबीन शुरु की। पीड़ित ने बताया कि आलमारी से 40 लाख के जेवर व दस हजार रुपये चोरी हुए हैं। गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने आरके त्रिपाठी की तहरीर पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाली जा रही है।

सक्रियता | मड़ियांव पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने चार को किया गिरफ्तार

# बाइक से करते थे बंद मोबाइल दुकान की रेकी, रखते थे असलहे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 20 लाख के 41 मोबाइल, दो टैबलेट, तमंचा, रिवॉल्वर, नौ कारतूस, दो बाइक व कार बरामद

**अमृत विचार:** मोबाइल दुकानों के शटर तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए क्राइम ब्रांच व मड़ियांव पुलिस की संयुक्त टीम ने चार चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 20 लाख रुपये के 41 मोबाइल फोन, दो टैबलेट, तमंचा, रिवॉल्वर, नौ कारतूस, दो बाइक व एक कार बरामद की है। पुलिस ने पांच वारदातों का खुलासा किया है।

एडीसीपी उत्तरी ऋषभ रूणवाल ने बताया कि 22 फरवरी 2026 को जानकीपुरम गार्डे निवासी अभिषेक चौधरी ने दुकान का शटर तोड़कर करीब 30 नए, दस पुराने मोबाइल फोन, चार टैबलेट और दस हजार रुपये चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो चोर कैद मिले थे। इसके बाद आरोपियों की धरपकड़ के लिए मड़ियांव पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच को भी लगाया गया था।

मंगलवार को पुलिस ने सूचना पर यादव चौराहे के पास घेराबंदी कर चारों आरोपियों को दबोच लिया गया। पकड़े गए आरोपियों में अमन निवासी मोहल्ला काजीपुरा बहराइच, मो. जीशान निवासी नानपारा बहराइच हालपता न्यू हैदरगंज सिल्वर सिटी कॉलोनी ठाकुरगंज, अजमत अली उर्फ मंटू निवासी बरौरा हुसैन बाड़ी ठाकुरगंज और समीर उर्फ डाबर निवासी मीना बैकरी चौराहा एफसीआई गल्ला गोदाम तालकटोरा हैं।

इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि आरोपियों ने कबूला कि पकड़े जाने के डर से वे असलहे भी रखते थे। आरोपी अमन ई-रिक्शा चालक, जीशान जोमैटो डिलीवरी ब्वॉय, अजमत मोबाइल रिपेयरिंग और समीर पल्लेदारी का काम करता है। पूछताछ के बाद पुलिस ने मड़ियांव, इटौंजा, अलीगंज, जानकीपुरम व चिनहट की एक-एक वारदात का खुलासा किया है।

### जेल से छूटकर अमन ने बनाया गिरोह

इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि आरोपी समीर के खिलाफ बाजारखाला, कृष्णानगर, तालकटोरा, सआदतगंज, ठाकुरगंज व रायबरेली में चोरी के करीब 21 मामले दर्ज हैं। इसके साथ ही आरोपी अमन पर दस, जीशान पर एक और अजमत पर दो मामले दर्ज हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि पकड़े गए चारों चोर पूर्व में जेल जा चुके हैं। सभी की मुलाकात जेल में हुई थी। जेल से छूटने के बाद सरगना अमन ने गिरोह बनाया था।

# फिक्की फ्लो ने चैप्टर सदस्यों को दिए अवार्ड

## मेंटलिस्ट, लेखिका और माइंड रीडर सुहानी शाह ने मन में सोचे सवालों के दिए सही उत्तर, 200 से अधिक लोग हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** फिक्की फ्लो के लखनऊ चैप्टर ने मंगलवार को एक होटल में कार्यक्रम आयोजित कर चैप्टर के सदस्यों को सम्मानित किया। अंबिका गुप्ता, प्रीति झुनझुनवाला और डॉ. अर्पिता आनंद को बेस्ट हेल्थ कमिटी अवार्ड, निवेदिता सिंह को बेस्ट सोशल इम्पैक्ट अवॉर्ड, आरुषि टंडन, क्षमा गुप्ता, मिताली ओसवाल को फ्लो फ्लैगशिप इवेंट अवॉर्ड, स्मृति गर्ग को फ्लो एक्सपीरिएंशियल लीडरशिप अवॉर्ड, अदिति जग्गी रस्तोगी, रिया पंजाबी को , बेस्ट इवेंट चेयर अवॉर्ड, आनंदी अग्रवाल, स्निग्धा लाठ अग्रवाल को बेस्ट एमएसएमई अवार्ड, ज्योति दीवान, प्रियंका टंडन को बेस्ट स्टार्टअप सेल अवार्ड दिया गया। बेस्ट रूरल कम्युनिटी को मज़बूत बनाने के लिए श्रुति शांडिल्य को अवार्ड दिया गया। इसके अलावा फ्लो लखनऊ चैप्टर की पूर्व चेयरपर्सन ज्योत्सना हबीबुल्ला, आरुषि टंडन, स्वाति वर्मा, विभा अग्रवाल को विशेष योगदान के लिए भी मुख्य अतिथि फिक्की फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा गर्ग ने सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में जानी-मानी मेंटलिस्ट, लेखिका और माइंड रीडर सुहानी शाह ने हैकिंग द ह्यूमन ब्रेन (इंसानी दिमाग को हैक करना) ने हिस्सा लिया। उन्होंने रहस्य और मनोविज्ञान के मेल से सुहानी शाह ने अपने हैरतअंगेज़ प्रदर्शनों और इंसानी व्यवहार, सोच और दिमाग की छिपी क्षमताओं के बारे में बताया। सुहानी ने चेयरपर्सन वंदिता समेत कई दर्शकों से मन ही मन सवालों के जवाब सोचने को कहा और पहले से लिखे उत्तर सही साबित कर सबको हैरान कर दिया। देवांशी सेठ, क्षमा गुप्ता, वनिता यादव समेत करीब 200 सदस्यों ने सहभागिता की।



गोमतीनगर के रेनेसा में फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर की ओर से आयोजित इंटरनल अवार्ड समारोह मे मुख्य अतिथि के साथ सम्मानित होने वाली महिलाएं। अमृत विचार

## भारतीय उद्योग परिसंघ ने वार्षिक सत्र में प्रदेश के विकास पर किया मंथन

**अमृत विचार, लखनऊ:** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) उत्तर प्रदेश की ओर से विकसित उत्तर प्रदेश का निर्माण : उद्योग को शक्ति, लोगों को सशक्तिकरण, समृद्धि की दिशा विषय पर वार्षिक सत्र और सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें सरकारी अधिकारियों, नीति-निर्माताओं और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने राज्य की विकास प्राथमिकताओं पर चर्चा की। अभिषेक सर्राफ ने सीआईआई प्रदेश अध्यक्ष और प्रणय एस गर्ग ने उपाध्यक्ष का पदभार संभाला। ऊर्जा सत्र में अपर मुख्य सचिव नरेंद्र भूषण ने बताया कि प्रदेश ने हरित ऊर्जा क्षमता का लगभग 50 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है। राज्य टिकाऊ ऊर्जा मिश्रण की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यूपीपीसीएल के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल ने कहा कि राज्य में बिजली आपूर्ति स्थिर है, वितरण प्रणाली को और सुदृढ़ किया जा रहा है। औद्योगिक विकास सत्र में प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि लखनऊ को देश के पहले एआई सिटी और कानपुर को ड्रोन सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। मनोज कुमार सिंह ने उन्नत विनिर्माण, हरित ऊर्जा और डिजिटल तकनीकों को भविष्य की कुंजी बताया। स्वास्थ्य सत्र में अमित कुमार घोष ने आयुष्मान भारत योजना के विस्तार की जानकारी दी और इसमें निजी भागीदारी पर जोर दिया। श्रम सुधार पर चर्चा करते हुए एमके शन्मुग सुन्दरम ने श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन और डिजिटलीकरण पर बल दिया। आईआईडीसी दीपक कुमार ने प्रदेश को उभरता निवेश गंतव्य बताया।




सीआईआई के वार्षिक कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते मनोज कुमार सिंह।

## जिसके पास घर चलाने का भी धन न हो उस पर फितरा वाजिब नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ:** कार्यालय आयतुल्लाह अल उज्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी की ओर से जारी शिया हेल्पलाइन पर रोजेदारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिए। एक रोजेदार ने हेल्पलाइन पर सवाल किया कि अगर कोई शख्स शब-ए-ईद पागल हो जाए तो क्या उस पर फितरा वाजिब है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि पागल इंसान पर जकात-ए-फितरा वाजिब नहीं है। एक सवाल आया कि क्या फितरा दूसरे शहर भेजा जा सकता है? इसके जवाब में बताया गया कि अगर उसके खुद के शहर में कोई फितरा लेने वाला न हो तो दूसरे शहर फितरा भेजा जा सकता है। एक रोजेदार ने पूछा कि अगर किसी शख्स के पास साल भर का खर्च न हो और उसका कोई रोजगार भी न हो, तो अपना और अपने परिवार का फितरा देने का क्या हुक्म है? इस सवाल के जवाब में कहा गया कि ऐसा शख्स फकीर की गिनती में आएगा, उस पर फितरा वाजिब नहीं है। हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि नमाज-ए-आयात सूरज ग्रहण, चांद ग्रहण और जलजले के लिए वाजिब होती है। अगर किसी मौके पर सूरज ग्रहण और ज़लज़ला एक साथ आ जाएं तो नमाज का क्या हुक्म है? इसके जवाब में बताया गया कि इंसान को चाहिए कि वह दो नमाजें पढ़े, सूरज ग्रहण की अलग और ज़लज़ले की अलग।

## सिटी ब्रीफ

### बर्फानी सेवा संस्थान ने कराया पंचवेदी रुद्राभिषेक

**अमृत विचार, लखनऊ:** शिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव पार्वती बर्फानी सेवा संस्थान ने मंगलवार को नहर रोड, जानकीपुरम विस्तार स्थित महानंदा रिसॉर्ट में पंचवेदी रुद्राभिषेक कराया। मुख्याचार्य पुनीत दुबे, आचार्य निर्मल कुमार झा व पवन चतुर्वेदी ने रुद्राभिषेक कराया। इसके बाद शंकर पार्वती, राधाकृष्ण, हनुमान सहित अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। भक्तों ने फूलों की होली खेली। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुणेंद्र मौर्या, पार्षद निशा तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि मनोज तिवारी, सौरभ तिवारी, पूर्व पार्षद मुकेश शुक्ला, संस्था के अध्यक्ष अरुणेन्द्र कुमार मौर्य, महासचिव मनोज मिश्रा, कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल, प्रमोद तिवारी, किशन सिंह बिष्ट, राकेश रस्तोगी, कृष्ण कुमार लोधी, शेखर कश्यप, एआर तिवारी, विजय कुमार यादव, उपेंद्र सिंह, आलोक पांडे, विनीत गौड़, राजकुमार सोनी, नितिन पाल, सुशील सिंह, अमर सिंह लोधी, वीरेंद्र यादव मौजूद रहे।

### व्यापारियों ने किया होली मिलन

**अमृत विचार, लखनऊ:** नटखेड़ा रोड आलमबाग युवा व्यापार मंडल की ओर से आलमबाग मेट्रो स्टेशन के निकट होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी 'गुड्डू', लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल, महामंत्री सोहेल हैदर अलवी, कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, नटखेडा रोड युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा सहित अरविंद पाठक, अभिषेक सिंह चौहान, मनीष वर्मा, राजेंद्र सिंह बग्गा, तेजपाल बग्गा समेत बड़ी संख्या में व्यापारी और क्षेत्रीय सम्मानित लोग शामिल रहे। उधर, संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ने पारा क्षेत्र में धर्मराज यादव एवं रामप्रकाश यादव के नेतृत्व में होली मिलन समारोह किया। इसमें कवियत्री मधु पाठक ने कविता पाठ किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडेय भी रहे।

### सामाजिक समरसता का संदेश दिया

**अमृत विचार, लखनऊ:** राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा परिषद की ओर से होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कठौता चौराहा के पास हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सनातन धर्म के अनुयायी शामिल हुए। समारोह के दौरान सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और भाईचारे पर विशेष जोर दिया गया। परिषद के पदाधिकारियों ने समाज से जात-पात से ऊपर उठकर एकजुट होने और सनातन पहचान को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुकेश, मनीष, साधना, ज्योति प्रकाश, विवेक और कुलदीप शुक्ला सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### भरतनाट्यम की दिवसीय मास्टर क्लास संपन्न

**अमृत विचार, लखनऊ:** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के नृत्य विभाग की ओर से शताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय भरतनाट्यम मास्टर क्लास का मंगलवार को समापन हुआ। यह मास्टर क्लास पद्मविभूषण पंडित बिरजू महाराज की स्मृति में स्थापित पीठ के अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यशाला के दूसरे और अंतिम दिन विषय विशेषज्ञ डॉ. पद्मजा सुरेश (बेंगलुरु) ने विद्यार्थियों को वसंत ऋतु नामक स्वरचना का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया डॉ. पद्मजा सुरेश ने प्रशिक्षण सत्र के दौरान विद्यार्थियों को नाट्यशास्त्र के मूल सिद्धांतों, नटराज शिव के विविध आयामों तथा भरतनाट्यम की दार्शनिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से भी अवगत कराया।



रविंद्रालय में पुस्तक मेले में अपनी पसंद की पुस्तके देखतीं महिलाएं। अमृत विचार

# पुस्तक मेले में सुनाए अवधी हाइकू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रवीन्द्रालय लॉन में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले में प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी पुस्तकें भी बड़ी मात्रा में मौजूद हैं। मंगलवार को महाविद्यालयों के विद्यार्थी ऐसी ही किताबों में पलटते दिखे।

मेले के साहित्यिक मंच पर कार्यक्रम की शुरुआत अमेठी के अवधी साहित्य संस्थान की परिचर्चा से हुआ। डॉ. रामबहादुर मिश्रा ने बताया कि अवधी भाषा को आगे बढाने के लिए मोइनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय लखनऊ मे अवधी की कक्षाएं शुरू कराई हैं। मीनू खरे ने अवधी हाइकू सुनाए। तीस कवियों ने काव्य पाठ किया। अवधी व्यंजन दाल के फरे, आलू-कचालू, धनिया के आलू का स्वाद भी लिया। नीलम और ज्योति किरन रतन ने इन्हें तैयार करने की विधियां भी बताईं। अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा विवेक नौटियाल, अरविंद पाण्डेय, पूर्व सांसद प्रवीण निषाद, मीना चौबे और डॉ. पूजा ठाकुर सिकेरा मौजूद रहीं। संचालन सुनील कुमार बाजपेयीने किया। हिन्दी साहित्य अकादमी की शिखा श्रीवास्तव व वंदना श्रीवास्तव के संयोजन और शैलेश माही के संचालन में काव्यगोष्ठी आयोजित की गयी। यहां अनिता मिश्रा, डॉ. सीमा, कविता मिश्रा, रत्नेश राज, दिव्यांश दिव्यम्, सत्यदेव सिंह, सचिन दीक्षित, शुभम शुक्ल, अजय वर्मा, सुनील मेहरोत्रा, रवीन्द्र श्रीवास्तव, वान्या और रश्मि शरद आदि ने रचनाएं पढ़ीं। शाम को भुशुण्डि संस्थान की ओर से काव्यमय संगीत कार्यक्रम हुआ।

### रचनात्मक अभिव्यक्ति का किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ:** नेशनल पीजी कॉलेज का दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव ओज 2026 प्रारंभ हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, बौद्धिकता और रचनात्मक अभिव्यक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। युवा कवि सम्मेलन, एकल गायन, समूह गायन, मोनो एक्टिंग, मेहंदी, पोस्टर निर्माण, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट तथा एक्सटेम्पोर जैसी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने जमकर भाग लिया। महोत्सव में शहर के 20 से अधिक महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिससे यह एक भव्य अंतर-संस्थागत आयोजन बन गया। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने वंदे भारत ट्रेन के प्रमुख शिल्पकार मुख्य अतिथि इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के पूर्व महाप्रबंधक सुधांशु मणि का स्वागत किया।

# नाटक सुभागी में दिया मेहनत के फल का संदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नाट्य संस्था रंगनाद और उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से मंगलवार को नाटक सुभागी का मंचन कराया गया। मुंशी प्रेमचन्द की कहानी पर आधारित नाटक में मेहनत और ईमानदार का फल अच्छा होने का संदेश दिया गया तोपखाना बाजार स्थित माध्यमिक विद्यालय इंटर कालेज प्रेक्षागृह देवाशीष मिश्रा के निर्देशन में सबा, जाफरीन, अंजली, नसरा, रितेश, अनिरुद्ध चौधरी, धैर्यांश विश्वकर्मा, अरशद, अश्वित, आराध्या, शीतल, ऋचा, अंकित मिश्र, भूमिका गुप्ता, योगेन्द्र पाल, अंकित कुमार, मानवी, शालिनी, आरती, संतोषी, मुन्नी रावत, वैष्णवी और शगुफ्ता आदि कलाकारों ने भूमिकाएं निभाईं।

### संस्कृत नाटक कर्णभारम में दिखी कर्ण की व्यथा

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान और अग्रसर सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में नाटक कर्णभारम का मंचन किया गया। 15 दिवसीय प्रस्तुतिपरक कार्यशाला में तैयार हुए इस नाटक का लेखन और निर्देशन संतोष कुमार प्रजापति ने किया। नाटक में मनोज तिवारी, मानदीप मौर्या, अभिषेक सिंह, सुरेश श्रीवास्तव, उन्नत बहादुर सिंह, तरुण यादव, देशदीपक त्रिपाठी, कृष्ण कुमार पाण्डेय, संतोषी, समीर बागची, सूरज कुमार, संतोष प्रजापति, लता वाजपेयी, पीयूष पाण्डेय और अर्जुन सिंह ने सराहनीय भूमिकाएं निभाईं।



नाटक का मंचन करते कलाकार।

### हैरिटेज प्रदर्शनी से बच्चों ने जाना रेलवे का इतिहास

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन के शताब्दी वर्ष पर हैरिटेज प्रदर्शनी के माध्यम से स्कूली बच्चों को भारतीय रेलवे के गौरवशाली इतिहास और तकनीकी विकास से परिचित कराया। सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, बाल विद्या मंदिर और सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के 190 से अधिक छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के साथ प्रदर्शनी देखी। प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण 102 वर्ष पुरानी नैरो-गेज स्टीम लोकोमोटिव 'ऐरावत' रही, जिसने स्टीम युग की यादें ताजा कर दीं। इसके साथ ही पुराने टिकट, पंचिंग मशीन, सेमाफोर सिग्नल, टोकन ब्लॉक सिस्टम और निरीक्षण ट्रॉली जैसे उपकरणों ने रेलवे के पारंपरिक संचालन की झलक दिखाई। रेलवे सुरक्षा बल की कांस्टेबल श्वेता ने गाइड के रूप में बच्चों को रोचक जानकारी दी। विभिन्न विभागों के स्टॉल्स ने आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक सिग्नलिंग और सुरक्षा प्रणालियों को भी प्रदर्शित किया। इस दौरान छात्रों ने आरपीएफ के डॉग 'माईकल' से मुलाकात की और सेल्फी ली।

## सिटी डायरी




कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुकेश मेश्राम व अन्य।

### ब्रह्माकुमारीज का शिक्षक प्रशिक्षण शिविर शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ:** ब्रह्माकुमारीज के प्रशासनिक प्रभाग की ओर से सुल्तानपुर रोड स्थित गुलजार उपवन में शिक्षक प्रशिक्षण और योग विषय पर राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य विषय कर्मयोग फॉर एम्पावर्ड भारत है, जिसमें देश भर से प्रशासनिक एवं प्रशिक्षण क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। शुरुआत गुलजार उपवन राजयोग प्रशिक्षण केंद्र की निदेशक राधा के स्वागत भाषण से हुई। मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम, विशिष्ट अतिथि अपर आयुक्त लखनऊ मंडल राधेश्याम, ब्रह्मकुमार हरीश, ब्रह्मकुमारी वीणा, लक्ष्मी, तथा राधा आदि ने दीप प्रज्ज्वलन से की। कर्नाटक से आईं ब्रह्माकुमारी वीणा ने सम्मेलन के उद्देश्य को स्पष्ट किया।



नव निर्वाचित अध्यक्ष चंद्र प्रकाश और अन्य लोग।

### चंद्र प्रकाश बने समिति के अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ:** महावीर दिगंबर जैन मंदिर आशियाना की प्रबंध कार्यकारिणी समिति के चुनाव में चंद्र प्रकाश जैन अध्यक्ष पद पर भारी मतों से विजयी हुए। अजय जैन मंत्री, मनोज कुमार जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अखिलेश जैन उपाध्यक्ष, शरद कुमार जैन कोषाध्यक्ष और अनूप जैन संयुक्त मंत्री चुने गए। चुनाव अधिकारी नलिन राज कासलीवाल, विपिन जैन और मनीषा जैन ने परिणाम घोषित किए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि यह जीत केवल एक पद की प्राप्ति नहीं बल्कि धर्म और सेवा के मार्ग पर चलने का अवसर है। हमारी प्राथमिकता मंदिर परिसर का सुंदरीकरण, भक्तों के लिए सुविधाओं में विस्तार और मंदिर के आय-व्यय में पूर्ण पारदर्शिता लाना होगी।



प्रदर्शन करते आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट अभ्यर्थी

### नौकरी के लिए किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ:** भर्ती में देरी से नाराज आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट अभ्यर्थियों ने मंगलवार को हजरतगंज चौराहा पर प्रदर्शन किया। विधानभवन घेराव के लिए जाते समय पुलिस ने उन्हें जीपीओ के पास रोककर हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेज दिया। अभ्यर्थियों का कहना है कि 2024 में निकली 1002 पदों की भर्ती कोर्ट में लंबित है, जहां अब तक 50 से अधिक सुनवाई हो चुकी हैं, लेकिन फैसला नहीं आया। अभ्यर्थियों ने बताया कि वे पिछले दो वर्षों से बेरोजगार हैं, जबकि करीब 1200 पद अब खाली हैं। अभ्यर्थियों ने शीघ्र भर्ती प्रक्रिया कराने की मांग की।



मुख्यालय पर प्रदर्शन करते केंद्रीय कार्यशाला संगठन पदाधिकारी और कर्मचारी।

### प्रदर्शन किया

**अमृत विचार, लखनऊ:** नगर निगम केंद्रीय कार्यशाला के कर्मचारियों ने मंगलवार को केंद्रीय कार्यशाला एवं आरआर कर्मचारी संघ संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले नगर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार तिवारी, महामंत्री अनिल कुमार दुबे ने मुख्यालय भवन, नवीन केंद्रीय कार्यशाला एवं इससे जुड़े भवनों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा लगाने की मांग की।

**तैयारी** राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति हिंदू की ओर से किया जाएगा आयोजन

# हिंदू नव वर्ष पर 135 चौराहों पर चलेगा जन जागरण अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं सामाजिक चेतना के प्रतीक हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 के स्वागत के लिए स्वामी विवेकानंद साप्ताहिक मिलन और राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति 135 चौराहों पर जन जागरण अभियान चलाएगी। 19 मार्च को घर-घर केसरिया ध्वज लहराकर जन-जन को नववर्ष का संदेश दिया जाएगा।

जियामऊ स्थित विश्व संवाद केंद्र में मंगलवार को प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति के संयोजक ललित श्रीवास्तव ने बताया कि 1090 चौराहा स्थित उत्सव (प्रतीक) स्थल पर सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम किया जाएगा। मीडिया प्रभारी शिवांक रमन भदौरिया ने बताया कि इस बार छात्र-छात्राओं के बीच पर्यावरण संरक्षण और कुटुंब प्रबोधन विषय पर प्रतियोगिता कराई जाएगी। इन विषयों पर बच्चे चित्र बनाएंगे और निबंध लिखेंगे। चित्रों, निबंध में संयुक्त परिवार, संस्कार और परंपराओं का बोध होगा। आयोजन 2019 से किया जा र हा है, आयोजन कर ये 8वां वर्ष है। नव संवत्सर पंचांग का अनावरण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भारत गौरव सेल्फी प्वाइंट, संघ शताब्दी वर्ष प्रदर्शनी लगाई जाएगी। मुंबई से आए सुप्रसिद्ध गाय सुरेश भजन संध्या की शोभा बढ़ाएंगे। ऋषि जैन ने बताया कि बड़ी संख्या में नागरिक, शिक्षाविद, युवा, महिलाएं, एवं विद्यार्थी इस महाअभियान का हिस्सा बनेंगे।



जानकारी देते ललित श्रीवास्तव औरमीडिया प्रभारी शिवांक रमन भदौरिया।

### नव वर्ष और चैती महोत्सव का आयोजन कल से

रामलीला समिति ऐशबाग की ओर से 19 से 30 मार्च तक भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2083 और चैती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। रामलीला समिति के तुलसी सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में समिति के अध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल ने बताया कि 19 को कलश स्थापना करके गणेश पूजन के साथ कार्यक्रम शुरू होगा। दोपहर 3 बजे सुन्दरकांड पाठ , शाम को 7 :30 बजे देवताओं का आह्वान होगा। रात 8 बजे से 8 :30 बजे तक संस्कृति विभाग के कलाकार भजनों पर नृत्य करेंगे और रात 8 :30 बजे कृष्णलीला का मंचन होगा। 27 मार्च को आतिशबाजी के साथ नव वर्ष का स्वागत होगा। 30 को वर्वरीक व श्याम खाटू की कथा प्रस्तुत की जाएगी। वार्ता में उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, मंत्री आशुतोष शर्मा और भास्कर बोस ने जानकारी दी।

### हिन्दू नव वर्ष के स्वागत की करें तैयारी : बंसल

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल की ओर से विक्रम संवत 2083 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव वर्ष के स्वागत की तैयारी पूरे प्रदेश में जोरशोर से की जा रही है। संगठन के अध्यक्ष संदीप बंसल ने व्यापारियों के साथ बैठक में कहा कि सभी व्यापारियों को अपने बाजारों को सजाते हुए भारतीय नववर्ष का स्वागत करना चाहिए। हो सके तो बाजारों में पद यात्राएं निकालें और ग्राहकों को छूट प्रदान करें। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, युवाध्यक्ष अश्वन वर्मा, प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, संगठन मंत्री जावेद बेग, महामंत्री अनुज गौतम, एकता अग्रवाल आदि रहे।

## सिटी ब्रीफ

### जिम्मेदारी से बचने को न करें एआई का प्रयोग

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग में "कृत्रिम मेधा" पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष सुमन कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष प्रो. पवन अग्रवाल ने कहा कि कृत्रिम मेधा के विकास और इसके समाज पर प्रभाव को समझने की आवश्यकता बताया। मुख्य वक्ता प्रो. सुमन कुमार मिश्रा ने कृत्रिम मेधा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि कृत्रिम मेधा कैसे काम करता है। उन्होंने कृत्रिम मेधा के अनुप्रयोग और भविष्य में इसके संभावित विकास के बारे में जानकारी साझा की। विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने बताया कि कैसे कृत्रिम मेधा विभिन्न क्षेत्रों जैसे चिकित्सा, शिक्षा और उद्योग में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती है। उन्होंने इसका प्रयोग जिम्मेदारी से करने का आग्रह किया न कि जिम्मेदारी से बचने को इसका प्रयोग किया जाए।

### इंटीग्रल विवि में हुआ क्षमता निर्माण कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ:** इंटीग्रल विश्वविद्यालय के स्टार्टअप्स फाउंडेशन द्वारा सशक्त उद्यमिता परितंत्र के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसने नवाचार-आधारित विकास और उद्यमिता उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की इसकी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ किया। कार्यक्रम के सत्रों का संचालन नीदरलैंड के प्रख्यात विशेषज्ञ डॉ. लियान हसन एक्सपर्ट इन्क्यूबेटर्स ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को इन्क्यूबेशन प्रबंधन, स्टार्टअप स्केलिंग तथा उद्यमिता पारितंत्र विकास से जुड़े वैश्विक सर्वोत्तम अभ्यासों से अवगत कराया। इस अवसर पर इन्क्यूबेटर प्रमुखों, स्टार्टअप संस्थापकों एवं नवाचार से जुड़े हितधारकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही, जिससे संवाद, सहयोग एवं ज्ञान-विनिमय का सशक्त मंच तैयार हुआ।

### छात्रों ने सीखी ग्राफिक डिजाइनिंग

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के भाऊराव देवरस शोध पीठ में एआई और डीजिटल ऑटोमेशन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अविरल सिंह ने प्रतिभागियों को जेनरेटिव और एजेंटिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बदलते स्वरूप और उनके व्यावहारिक उपयोगों से परिचित कराया। उन्होंने लार्ज लैंग्वेज मॉडल जैसे चैटजीपीटी, क्लाउड व कैपिलॉट के कार्य और उपयोग को समझाया। यह बताया कि एआई के परिणाम उपयोगकर्ता द्वारा दिए गए प्रॉम्प्ट पर निर्भर करते हैं। प्रतिभागियों को विभिन्न डिजिटल टूल्स के व्यावहारिक उपयोग के बारे में बताया गया। कैनवा के माध्यम से ग्राफिक डिजाइनिंग, जैसे प्रस्तुतिकरण, पोस्टर एवं इन्फोग्राफिक्स तैयार करने की तकनीकों को समझाया गया।

### विश्व में छा रहे सीएमएस के छात्र

**अमृत विचार, लखनऊ:** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस द्वारा 'डिजाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन सम्पन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि जयवीर सिंह, पर्यटन मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जयवीर सिंह ने सीएमएस की शिक्षा पद्धति की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्र विश्व पटल पर लखनऊ का गौरव बढ़ा रहे हैं। प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि शैक्षिक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में नंबरों का कोई बहुत ज्यादा महत्व नहीं है। समारोह में छात्रों ने शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटा बिखेरकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# लैब और छात्रावास के निर्माण में मिली खामियां, मंत्री ने लगाई रोक

## ईंट और सीमेंट की गुणवत्ता खराब मिलने पर अधिकारियों को कड़ी फटकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण करते मंत्री नरेंद्र कश्यप। अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में निर्माणाधीन लैब एवं छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों में गंभीर तकनीकी व गुणवत्ता संबंधी खामियां पाए जाने पर मंत्री ने तत्काल प्रभाव से कार्य रुकवाने के निर्देश दिए। इसी के साथ कार्यदायी संस्था और संबंधित अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान मंत्री कश्यप ने कहा कि शिक्षा संस्थान केवल भवन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के केंद्र होते हैं। ऐसे स्थान पर घटिया निर्माण कार्य न केवल संसाधनों की बर्बादी है, बल्कि विद्यार्थियों की सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ भी है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

- मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण
- गुणवत्ता में सुधार न होने पर ठेकेदार और एजेंसी होगी ब्लैकलिस्ट

### कुलसचिव करें निर्माण कार्यों की निगरानी

मंत्री कश्यप ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव रोहित मिश्रा को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। केवल प्रमाणित एवं उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का ही उपयोग किया जाए। साथ ही कार्यदायी संस्था को तत्काल नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्राप्त करने और निर्धारित समय सीमा में सुधारात्मक कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

मंत्री ने लैब और हॉस्टल निर्माण की गुणवत्ता की मौके पर ही गहन जांच की। ईंटों की मजबूती परखने के लिए उन्होंने दो ईंटों को आपस में टकराया, जो तुरंत टूट गईं। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि इस स्तर की सामग्री का उपयोग अत्यंत गंभीर लापरवाही है। इसके साथ ही उन्होंने सीमेंट की गुणवत्ता, ब्रांड, मिश्रण अनुपात तथा निर्माण प्रक्रिया का भी बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि पिलरों की संरचना मानकों के अनुरूप नहीं है, कई स्थानों पर उनका आकार असंतुलित है और दीवारों की चिनाई भी कमजोर और असमान है। मंत्री ने इन खामियों को अत्यंत गंभीर बताते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि इस प्रकार की लापरवाही भविष्य में बड़े हादसों का कारण बन सकती है।


मंत्री घटिया निर्माण सामग्री के प्रयोग पर सख्त रुख अपनाते हुए चेतावनी दी कि गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार नहीं होता है तो संबंधित ठेकेदार और एजेंसी को ब्लैकलिस्ट कर उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# शकुंतला विवि के विद्यार्थियों को मिले एआई स्मार्ट ग्लास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं को एआई स्मार्ट ग्लास दिया गया। आधुनिक तकनीक से लैस है एआई ग्लास के उपयोग का प्रशिक्षण भी छात्रों को दिया गया। विश्वविद्यालय के कॉलेज फॉर डेफ परिसर में दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को 25 'ज्योति एआई स्मार्ट ग्लास' वितरित किए। इनमें 20 वर्तमान छात्र-छात्राओं और पांच पूर्व विद्यार्थियों को यह उपकरण दिया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कुलसचिव रोहित सिंह ने कहा कि ऐसी पहल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने में सक्षम हैं और विश्वविद्यालय हमेशा इस तरह के प्रयासों के साथ खड़ा रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान जेएल जायसवाल, पी. विकाश लालोरिया, राजेश सिंह ने इस पहल को समाज के लिए उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। इस मौके पर डॉ. विजय शंकर शर्मा, हनी भगचंदानी, टॉर्चिट फाउंडेशन से दिनेश बहल, डीन एकेडमिक्स प्रो. वीके सिंह, निदेशक सीएसआर व खेल प्रो. राजीव नयन पांडेय, प्रो. आशुतोष पांडेय, डॉ. कौशल शर्मा समेत अनेक प्राध्यापकगण, अधिकारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि ज्योति एआई स्मार्ट ग्लास दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए परिवर्तनकारी पहल है। यह तकनीक उन्हें शिक्षा में समान अवसर देने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सशक्त बना रही है। विश्वविद्यालय ऐसे नवाचारों को हमेशा प्रोत्साहित करता रहेगा।



एआई स्मार्ट ग्लास से पढ़ाई करता छात्र। अमृत विचार

- 7.25 लाख के 25 उपकरणों का वितरण का वितरण किया गया

**'आंखों' की तरह काम कर रहा एआई ग्लास:** यह स्मार्ट ग्लास दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए आंखों की तरह कार्य कर रहा है। इसकी मदद से विद्यार्थी किताबें पढ़ पा रहे हैं, आसपास की वस्तुओं को पहचान रहे हैं और आसानी से नेविगेशन कर पा रहे हैं। इससे उनकी पढ़ाई और दैनिक जीवन दोनों आसान हो रहे हैं।

**टॉर्चित द्वारा विकसित किया गया है:** टॉर्चित द्वारा विकसित यह एआई स्मार्ट ग्लास टेक्स्ट-टू-स्पीच, ऑब्जेक्ट पहचान, नेविगेशन और रीयल-टाइम जानकारी जैसी सुविधाओं से युक्त है। इसकी मदद से कई विद्यार्थी उच्च शिक्षा हासिल कर रहे हैं और बिना स्क्राइब के परीक्षा देने में सक्षम हो रहे हैं। वितरण के दौरान टॉर्चिट की टीम ने उपकरण का प्रदर्शन किया और उपयोग के लिए प्रशिक्षण भी दिया। प्रतिभागियों ने इसे अपने जीवन में बड़ा बदलाव लाने वाला साधन बताया।

# भाषा विवि में हुई कंटेंट क्रिएटर वर्कशॉप




कंटेंट क्रिएटर वर्कशाप में प्रतिभागी डॉ. रुचिता सुजय चौधरी के साथ। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा 'कैनन इंडिया' के सहयोग से एक दिवसीय 'कंटेंट क्रिएटर वर्कशॉप' का आयोजन किया गया। गणेश शंकर विद्यार्थी अध्ययन केंद्र में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक कैमरा तकनीक, डिजिटल स्टोरीटेलिंग और विजुअल कम्युनिकेशन के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग प्रभारी डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि आज का दौर डिजिटल मीडिया का है, जहां कंटेंट निर्माण में तकनीकी दक्षता, रचनात्मकता और सामाजिक संवेदनशीलता का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि व्यावहारिक कौशल विकसित कर पेशेवर दुनिया की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करें।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता कैनन लखनऊ के तकनीकी विशेषज्ञ अमित सक्सेना रहे। उन्होंने कैमरा तकनीक में हो रहे बदलावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मिररलेस कैमरे फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी का भविष्य हैं, जो पारंपरिक कैमरों की तुलना में अधिक उन्नत, हल्के और प्रभावी हैं। इस कार्यशाला में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के साथ-साथ बीसीए, एमसीए एवं बीए के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो डिजिटल कंटेंट निर्माण के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. सैयद काजिम असगर रिज़वी ने मुख्य वक्ता अमित सक्सेना को सम्मानित करते हुए उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. शचिंद्र शेखर, डॉ. मोहम्मद नसीब, डॉ. विनय कुमार, जसदीप, वंश एवं वंशिका सहित अन्य शिक्षक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

# बेस्ट गर्ल स्टूडेंट को एक लाख रुपये व स्वर्ण पदक देगा आईआईएम

**अमृत विचार, लखनऊ:** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) 19 मार्च को अपना 40 वां दीक्षांत समारोह मनाने जा रहा है। इस अवसर पर फाइनल इयर के 8 छात्रों को स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में बजाज फिनसर्व लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजीव बजाज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और दीक्षांत संबोधन देंगे। समारोह में आईआईएम लखनऊ के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन स्नातक छात्रों को उपाधियां प्रदान करेंगे, जबकि संस्थान के निदेशक प्रो. एमपी गुप्ता निदेशक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

- 19 को 40वें दीक्षांत समारोह में दिए जाएंगे 8 स्वर्ण पदक

इस दीक्षांत समारोह के दौरान पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन सस्टेनेबल मैनेजमेंट, इंटरनेशनल प्रोग्राम इन मैनेजमेंट फॉर एग्जीक्यूटिव्स और पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट फॉर वर्किंग एग्जीक्यूटिव्स सहित विभिन्न कार्यक्रमों के मेधावी छात्रों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष समारोह का आकर्षण 1997 के 'रेश्मा सरीन एक्सीलेंस अवॉर्ड फॉर बेस्ट गर्ल स्टूडेंट' है जिसे फिर से आरंभ किया जा रहा है। इस पुरस्कार के अंतर्गत चयनित छात्रा को 1 लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की जाएगी।

## सिटी डायरी



लूटा अध्यक्ष प्रो. अनित्य गौरव नवनियुक्त कुलपति को सम्मानित करते हुए।

### लूटा अध्यक्ष ने किया प्रो. राजीव मनोहर को सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ एवं लखनऊ विश्वविद्यालय स्टाफ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के नवनियुक्त कुलपति प्रो. राजीव मनोहर का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय से सभी शिक्षकों ने प्रो. राजीव मनोहर का पुष्पगुच्छ, शाल व मोमेंटो देकर सम्मान किया एवं उनके कुलपति पद पर सफलतापूर्वक कार्य करने की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। सम्मान समारोह में संकायाध्यक्ष, कला संकाय प्रो. अरविंद मोहन, विज्ञान संकाय प्रो. शीला मिश्रा, लूटा अध्यक्ष प्रो. अनित्य गौरव, महामंत्री प्रो. राममिलन, क्लब सेक्रेटरी डॉ. विनीत कुमार वर्मा और बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।




परिवर्तन चौक से मार्च निकालते एसएफआई के कार्यकर्ता।

### यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन लागू करने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ:** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के आह्वान पर मंगलवार को छात्रों ने परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। एसएफआई के राज्य सचिव अब्दुल वहाब ने राजकोट एम्स में रतन मेघवाल की मौत का मुद्दा उठाते हुए शैक्षणिक संस्थानों में बढ़ते जातिगत भेदभाव पर चिंता जताई। लखनऊ के जिला संयोजक अंकित ने बताया कि यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन 2026 का उद्देश्य जाति, लिंग, धर्म और अन्य आधारों पर भेदभाव रोकना था, लेकिन इस पर रोक लगा दी गई। प्रदर्शनकारियों ने स्वतंत्र निगरानी तंत्र, सख्त कानूनी कार्रवाई और छात्रवृत्ति के पूर्ण व न्यायसंगत वितरण की मांग रखी।



सीएसआईआर सीमैप में भ्रमण के दौरान जानकारी लेते छात्र।

### छात्रों ने शोधकार्यों की ली जानकारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के डिप्लोमा प्रथम वर्ष के 45 विद्यार्थियों ने सीएसआईआर-सीमैप (सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिनल एंड एरोमैटिक प्लांट्स) का भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को औषधीय और सुगंधित पौधों के व्यावहारिक ज्ञान से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने हर्बल गार्डन एवं आयुष सेक्शन का अवलोकन किया, जहां उन्होंने मेंथा, पेपरमिंट, स्पीयरमिंट, रुद्राक्ष सहित विभिन्न औषधीय पौधों के गुणों एवं उपयोगों का अध्ययन किया। छात्रों ने सेंट्रीफ्यूज, लैमिनार एयर फ्लो तथा इन्क्यूबेटर शेकर जैसे आधुनिक उपकरणों की कार्यप्रणाली को समझा।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते प्रो. हिमांशु शेखर झा और प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय।

### खेल महोत्सव का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तिष्ठ सेवा संस्थानम के प्रो. शारदा प्रसाद तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट और काव्योम फाउंडेशन के तत्त्वावधान में आयोजित युवा खेल महोत्सव में वॉलीबॉल, बैडमिंटन तथा क्रिकेट का सेमीफाइनल का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिव्यागंजन आयुक्त प्रो. हिमांशु शेखर झा उपस्थित रहे। प्रो. हिमांशु शेखर झा ने बताया कि युवा भारत का नेतृत्व कर्ता है, इसलिए युवाओं को इस प्रकार के आयोजनों में आकर खेलों को बढ़ावा देना चाहिए।

### अनिवार्य है साहित्य में सकारात्मक अभिव्यंजना

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रो. रवीन्द्र प्रताप सिंह ने साहित्य, चलचित्र और पत्रकारिता के माध्यम से राष्ट्र की पहचान का पुनरुत्थान विषय पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित किया। बतौर मुख्य वक्ता उन्होंने कहा कि साहित्य, सरल, सुबोध संप्रेषण, रूमानी ख्यालों, जीवन एवं दर्शन के विश्लेषण से होते हुए डीकंस्ट्रक्शन के चरण के पश्चात ऐसे पड़ाव पर है जहां क्रिटिकल थिंकिंग के साथ सकारात्मक ऊर्जा प्रस्फुटित हो रही है। इस दिशा में समाज के प्रति जवाबदेही, कर्तव्यपरायणता, सोच में परिपक्वता व विश्वसनीयता की महती आवश्यकता है।

# रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



शिविर में रक्तदान करता छात्र। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** विश्व समाज कार्य दिवस के उपलक्ष्य में लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल रक्तदान जैसे मानवीय कार्य को बढ़ावा देने का माध्यम बना, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग, परोपकार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी प्रयास भी सिद्ध हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने आकाश में गुब्बारे छोड़कर "आशा, सौहार्द और एकजुटता" का प्रतीकात्मक संदेश दिया।

कला संकाय के अध्यक्ष प्रो. अरविंद मोहन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान समाज में एकीकरण को प्रोत्साहित करता है। विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी ने कहा कि समाज कार्य का मूल उद्देश्य केवल समस्याओं की पहचान करना ही नहीं, बल्कि उनके समाधान हेतु समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाना भी है। शिविर में 200 से अधिक विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**उपलब्धि** | गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में विश्वविद्यालय ने दर्ज कराया अपना नाम

# पौधरोपण में बीबीएयू ने कायम किया विश्व कीर्तिमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बाबासाहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय ने एक साथ, एक समय पर और एक ही स्थान पर सर्वाधिक पौधरोपण करके विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। विश्वविद्यालय ने गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। विश्वविद्यालय को यह उपलब्धि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में वन विभाग के साथ संयुक्त रूप हासिल हुई है। यह सम्मान विश्वविद्यालय को एक ही समय पर एक ही स्थान पर सर्वाधिक पौधे लगाने के सफल प्रयास के लिए प्रदान किया गया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने समस्त प्रतिभागियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं सहयोगी संस्थाओं को हार्दिक बधाई दी है।



गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड का प्रमाण पत्र ग्रहण करते कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल।

### वृक्षों की जीओ टैगिंग

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में वृक्षों की जीओ टैगिंग किया जा रही है। जिससे छात्र-छात्राएं वृक्ष की प्रजाति से लेकर उसके वानस्पतिक उपयोग की पूरी जानकारी अपने मोबाइल से प्राप्त कर सकते हैं।

### शोध छात्रों के नाम पौधे

कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल ने कार्यकाल के आरंभिक दिनों में ही छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए सर्वाधिक पौधरोपण के साथ ही शोध छात्रों के लिए एक पौधे का संरक्षण का लक्ष्य दिया था। शोध कार्य के दौरान पौधे की देखभाल और उसके पोषण की जिम्मेदारी दी गई। जिसे उसके शोध अवार्ड के समय उल्लिखित किया जाएगा।

विश्वविद्यालय ने वृक्षारोपण अभियान गत वर्ष 9 जुलाई को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया था। इस दौरान वन विभाग के सहयोग से 2100 प्रतिभागियों द्वारा एक ही समय में एक ही स्थान पर 2100 पौधे लगाए गए थे। जिनमें से 2055 पौधों का सफलतापूर्वक रोपण सुनिश्चित किया गया। उल्लेखनीय है कि कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल ने सर्वाधिक पौधारोपण करने का लक्ष्य तय किया था।